# प्रसार भारती

## आकाशवाणी शिमला

### 26.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

**विधानसभा**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के एक सौ 47 सीबीएसई स्कूलों में 30 सितंबर तक शिक्षकों की नियुक्ति कर दी जाएगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान आज प्रश्नकाल में विधायक रणधीर शर्मा के सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का जोर सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और बच्चों की संख्या बढ़ाने पर है। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच साल में प्रदेश के स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीएसई स्कूलों के लिए शिक्षकों के पदों का परिणाम आने के तुरंत बाद उनकी पोस्टिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए योग्यता के मानक तय किए गए हैं और चयन में मेरिट 80 प्रतिशत तक रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने एक सौ 47 सीबीएसई स्कूलों में कंप्यूटर लैब स्थापित करने के लिए 80 करोड़ रुपये की घोषणा की है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सौ और स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ेगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि एक सौ 47 स्कूलों में सीबीएसई व्यवस्था लागू करने के बाद दूसरे चरण में अन्य स्कूलों को भी इस व्यवस्था में लाने पर विचार किया जाएगा।

---

**विधानसभा–2**

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सीबीएसई स्कूलों के लिए केंद्र सरकार से कोई पैसा नहीं मिला है और प्रदेश सरकार इन स्कूलों की फंडिंग कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों की लगातार कम हो रही संख्या को देखते हुए इन स्कूलों को सीबीएसई में बदला जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई स्कूलों में 24 हजार बच्चों की संख्या बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विधायक रणधीर शर्मा के विधानसभा क्षेत्र में भी एक सीबीएसई स्कूल खोला जाएगा। इससे पहले शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सीबीएसई शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है।

---

**राष्ट्र गान विवाद**

प्रदेश विधानसभा में राष्ट्र गान और राष्ट्रीयगीत के कथित अपमान को लेकर शुरू हुआ विवाद अब और गरमा गया है। विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी वीडियो को लेकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि वीडियो सामने आने के बाद साफ हो गया है कि राष्ट्र गान का किसी भी तरह से अपमान

नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वीडियो देखने से स्पष्ट हुआ है कि सभी सदस्यों ने पूरे सम्मान के साथ राष्ट्र गान गया है और इस संबंध में मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेताओं की ओर से लगाए गए आरोप गलत साबित हुए हैं।

दूसरी तरफ तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने इन आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि राष्ट्र गान और राष्ट्रीयगीत दोनों देश के सम्मान के प्रतीक है, ऐसे में दोनों की तुलना कर विवाद खड़ा करने वालों को माफी मागनी चाहिए।

---

## लम्पी वायरस

सोलन जिला में पशुओं में होने वाला लम्पी वायरस रोग तेजी से बढ़ रहा है। जिले में अभी तक एक सौ 80 पशुओं में इस संक्रमण की पुष्टि हुई है, वहीं लम्पी वायरस से तीन पशुओं की मौत भी हो चुकी है। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. विवेक लांबा ने बताया कि कुनिहार और बरोटीवाला क्षेंत्र में लम्पी वायरस का अधिक प्रकोप देखा गया है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से बचाव के लिए पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। विवेक लांबा ने बताया कि लम्पी वायरस से बचाव के लिए 90 हजार टीके मंगवाए गए हैं जिनमें से 50 हजार पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है।

---